Title: Re: Demand for awarding Bharat Ratna to Sh. Kanshiramji.

श्री गिरीश चन्द्र (नगीना): महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करना चाहता हूं।

महोदय, देश के गरीब, लाचार, बेबस लोगों की आवाज बनने वाले मान्यवर श्री कांशीराम जी, जिन्होंने आज़ाद भारत में समतामूलक समाज की स्थापना करने हेतु अपने जीवन को बहुजन समाज के हितों की रक्षा के लिए कुर्बान कर दिया । उनके इस बहुजन समाज के उत्थान के लिये किये गये कार्यों के लिए कई बार हमारी पार्टी की मुखिया व राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती जी ने भी मान्यवर श्री कांशीराम साहब को भारत रत्न देने की मांग कर चुकी हैं । इसी परिप्रेक्ष्य में मैं भी मान्यवर श्री कांशीराम जी को भारत सरकार से भारत रत्न देने की मांग करता हूँ । आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।